

**इकतारा बोले**

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

## महान कौन ..महिष या मस्तिष्क??

भैया मुझे एक सवाल सता रहा है क्या आप उसका जवाब दे सकेंगे?

कोशिश करूंगा छोटू! चलता फिरता एनसाइक्लोपीडिया तो नहीं समझ लिया तुमने मुझे?

न भैया! आप मुझसे ज्यादा जानकार हैं। अनुभवी हैं इसलिए। मेरा सवाल यह है कि अक्ल बड़ी कि भैंस?

इस सवाल का जवाब अलग अलग संदर्भों में अलग अलग होता है। बोलो किस संदर्भ में यह प्रश्न है?

सामान्य रूप से पूछ रहा हूं, अचानक यह बात मेरे मन में आई।

अक्ल या भैंस से बड़े तो तुम ही हो छोटू!

मैं बीच में कहां से आ गया भैया? मैं तो सवाल में हूं ही नहीं।

सवाल पूछ रहे हो न इसलिए तुम भी हो इसमें। तुम में अक्ल भी ज्यादा है, भैंस सा शरीर भी है। हां रंग भैंस का नहीं है, तो बड़े तो तुम्हीं हुए न!

भैया! मेरी बात छोड़िए सही जवाब दीजिए न?

यही बात किसी नेता से पूछो तो क्या कहेगा। भैंस बड़ी है क्योंकि वह बहुत उपयोगी है, दूध देती है, बच्चे देती है। दूधों नहाओ पूतों फलो के आशीष को सच करती है। अक्ल का क्या है? जिसमें अक्ल होती है वह नेता नहीं बन सकता सिर्फ एक मध्यमवर्ग जीव बनकर रह जाता है।

सही तर्क देता है नेता।

तभी तो वह नेता हुआ। उसको पैसे, पावर और अपना परिवार चाहिए जो उसे बिना अक्ल के मिल जाते हैं तो फिर?

यही प्रश्न किसी विद्वान से पूछोगे तो वह कहेगा अक्ल, बुद्धि, विद्वत्ता ही श्रेष्ठ है। उसका उपयोग कर कई भैंसें ही नहीं बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। विद्वान भैंस को बड़ा नहीं मानेगा।

यह बात भी सही है। अगर किसी जरूरतमंद बेरोजगार से पूछें तो?

वह कहेगा भैंस दे दो। अक्ल का तो मैंने अचार बना रखा है। भैंस की देखभाल करूंगा और अपनी जीविका चलाऊंगा। भैंस बड़ी है अक्ल से।

सही है भैया। उसके हिसाब से यही सही जवाब है।

मैंने कहा न संदर्भों और स्थितियों के हिसाब से जवाब बदलते हैं और सही लगते हैं। यही सवाल अगर किसी मंत्री से पूछोगे तो क्या जवाब होगा छोटू?

यही जो नेता का जवाब था।

न। मंत्री कहेगा अक्ल आप रखलो और मेरी तरफ से भैंस भी। लेकिन इस तरह के क्लिष्ट सवाल मुझसे न पूछा करो। अब चलते बनो।

आप बताओ भैया। आपका अपना व्यक्तिगत जवाब क्या होगा?

मैंने बताया न। तुम दोनों से बड़े हो। खैर एक कहानी बताता हू। गौर से सुनो और तुम खुद ही फैसला कर लो।

चार मित्र गुरु के पास शिक्षा प्राप्त करने गए। तीन बड़ी कुशाग्र बुद्धि के थे। चौथा मंद बुद्धि था। जब शिक्षा पूरी हुई सारे मित्र वापस अपने गांव की ओर पैदल जा रहे थे। जंगल के रास्ते में उन्हें बहुत सारी हड्डियां एक जगह पड़ी मिलीं। सभी ने उसे देखा। पहले ने कहा ये शेर की हड्डियां हैं। मैं इसे फिर से शेर के आकार में बना सकता हूं और उसने शेर के पूरे अस्थिपंजर को बना डाला। दूसरे ने कहा मैं इसमें मांस मज्जा और सारे शरीर की संरचना भर दूंगा। उसने वैसा ही किया। तीसरे ने कहा इस मृत शेर में मैं प्राण फूंक दूंगा। इससे पहले वह कुछ कर पाता उनके मंदबुद्धि मित्र ने कहा ...नहीं ऐसा मत करो शेर जिंदा होगा तो हम सबको खा जाएगा। तीनों मित्र हंसने लगे और कहा हम तो उसके जीवनदाता हैं, हमें क्यों खाएगा? मंदबुद्धि मित्र ने कहा अगर ऐसा है तो मुझे उस ऊंचे पेड़ पर चढ़ जाने दो। फिर तुम लोग चाहो जो कर लेना कहकर वह पास के ऊंचे पेड़ पर चढ़ गया। तीसरे ने उस शेर के मृत शरीर में प्राण फूंके। शेर जीवित हो उठा और तीनों पर हमला करके उन्हें मार डाला और जंगल के अंदर भाग गया। पेड़ से उतरकर चौथे ने आंसू बहाए और रोते हुए अपने गांव की ओर चल पड़ा। अब तुम बताओ कौन बड़ा हुआ?

# आखिरी शब्दों में बयां किया दर्द, भाभी और उनके परिजनों पर लगाए गंभीर आरोप

**22 पन्नों की डायरी खोल रही मौत का राज, डायरी में पारिवारिक प्रताड़ना, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और मानसिक उत्पीड़न के आरोप; पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी**

**पीथमपुर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र की मोती नगर कॉलोनी में 23 वर्षीय युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला अब 22 पन्नों की डायरी मिलने के बाद नया मोड़ ले चुका है। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा कछवाया ने कथित रूप से खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली।



घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को 22 पन्नों की हस्तलिखित डायरी सौंपी है, जिसमें युवती ने अपनी मौत के लिए कई लोगों को जिम्मेदार बताते हुए पारिवारिक प्रताड़ना, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लिखे हैं। पुलिस ने डायरी को जब्त कर उसकी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मोती नगर निवासी नेहा कछवाया मंगलवार देर रात अपने कमरे में थीं। परिजनों के अनुसार रात करीब 10:30 बजे सभी लोग भोजन कर सो गए थे। देर रात करीब 2 बजे कमरे से चीखने की आवाज सुनाई दी। जब परिवार के सदस्य पहुंचे तो कमरे में आग की लपटें उठ रही थीं और धुआं फैला हुआ था। पड़ोसियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक नेहा गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सागौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नगर पुलिस अधीक्षक कमल सिंह चौहान और थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तलाशी के दौरान पुलिस को एक नोटबुक मिली, जिसमें 22 पन्नों का विस्तृत लेखन था। परिजनों ने भी इसे नेहा की लिखावट बताते हुए पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने डायरी को विधिवत जब्त कर जांच में शामिल कर लिया है।

### डायरी में लगाए कई गंभीर आरोप

डायरी में युवती ने लिखा है कि वह लंबे समय से पारिवारिक विवादों और मानसिक तनाव से गुजर रही थी। उसने अपने भाई की पत्नी तथा उसके मायके पक्ष के कुछ लोगों पर परिवार को लगातार प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। डायरी में यह भी उल्लेख है कि परिवार पर झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जाती थीं। युवती ने कुछ लोगों पर उसके साथ छेड़छाड़ करने, विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के भी आरोप लिखे हैं।

### मंगेतर पर भी मानसिक प्रताड़ना का आरोप

डायरी में युवती ने अपने मंगेतर और उसके परिवार के कुछ सदस्यों का भी उल्लेख किया है। उसने लिखा कि रिश्ते के दौरान उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। युवती के अनुसार इन घटनाओं ने उसे गहरे मानसिक तनाव और अवसाद में पहुंचा दिया था।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से भावुक अपील

अपने अंतिम पत्र में नेहा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से भी भावुक अपील की है। उसने ऐसी बेटियों और बहनों के लिए सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था किए जाने की बात लिखी है, जो पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्वयं को असहाय महसूस करती हैं। साथ ही अपनी छोटी बहन के नाम संदेश लिखकर उसे पढ़ाई जारी रखने और परिवार की जिम्मेदारियां संभालने की सीख दी है।

### हर तथ्य की होगी जांच

सागौर थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों द्वारा सौंपी गई 22 पन्नों की डायरी को जब्त कर लिया गया है। डायरी में लिखे प्रत्येक आरोप और तथ्यों की गहन जांच की जा रही है। जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खाद बीज की कालाबाजारी को लेकर मा क पा का आंदोलन प्रारंभ



**इन्दौर** पुलिस के सहयोग से प्रदेश कि भाजपा सरकार किसानो को लुटने मे खाद बीज के कालाबाजारीयो की मददगार साबित हो रही हे। 16 जुलाई से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का खाद बीज की कालाबाजारी को लेकर दो दिवसीय आंदोलन प्रारंभ हुआ इंदौर जिलाधीश कार्यालय पर 24 घंटे की भूख हड़ताल को लेकर आज से आंदोलन प्रारंभ हुआ था दोपहर 2:00 बजे पुलिस द्वारा आंदोलन की परमिशन के नाम पर आंदोलन स्थल पर लगे हुए टेंट तंबू जप्त करने की धमकी देकर हटवा दिए जबकि 13 तारीख को आंदोलन के संबंध में आवेदन सहायक पुलिस आयुक्त जूनी इंदौर को उनके कार्यालय अग्रसेन चौराहे पर पार्टी जिला सचिव कां अरुण चौहान द्वारा दिया गया दो मर्तबा जाने के पश्चात भी वहां पर जिम्मेदार अफसर नहीं मिले तब उपस्थित अधिकारी को आवेदन दिया और उसकी रिसीवड भी ली गई उन्होंने कहा हम इसकी जानकारी आपको पहुंचवा देंगे पर उन्होंने ऐसा नहीं किया और जब आंदोलन प्रारंभ हो गया तब पुलिस द्वारा टेंट वालों पर दवाव बना कर हटवा दिया। इस सबके बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शाम 7:00 बजे तक भूख हड़ताल स्थल पर धरना प्रदर्शन सभा की गई ओर कल दिनांक 17 को कार्यकर्ता जिलाधीश कार्यालय पर दोपहर 12:00 बजे प्रदर्शन कर खाद बीज की कालाबाजारी रोकने टोकन प्रथा बंद करने सभी किसानों को खाद सुलभता से मिलने से संबंधित ज्ञापन जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम प्रस्तुत करेंगे।आज के आंदोलन मेंका अरुण चौहान, कैलाश लिंबोदीया, सीएल सरावत, भागीरथ कछवाह ,काशीराम नायक ,चुन्नी बहन भूरिया, रितु भूरिया राम कुंअर बाई राणा शरदाबाई बामनिया कमलाबाई राठौर, सिद्धनाथ मेडे, महेश भाई, समंदर सिंह औसारी,सहीत बडी संख्या में महिलाए भी शामिल हुई।




# दुष्कर्म के विरोध में अभाविप का उग्र प्रदर्शन

**इन्दौर (नवीन मौर्य)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर ने हस्द्ध नेता द्वारा छात्रा कार्यकर्ता के साथ किए गए दुष्कर्म एवं मारपीट के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए। वहां से विशाल रैली निकालते हुए अभाविप के कार्यकर्ता भोलाराम चौराहे पहुंचे और हस्द्ध का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हस्द्ध के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह विरोध 'छात्र गूंज' अभियान से जुड़ी एक घटना के बाद हुआ। अभियान में दिनभर काम करने वाली एक युवा छात्रा कार्यकर्ता के साथ NSUI नेता सुभाष यादव ने योन शोषण किया छात्र कल्याण की बात करने वाले हस्द्ध के भीतर छात्राओं की सुरक्षा कितनी खतरे में है।

## महू के निसर्ग फ़ार्म हाउस में सनसनीखेज वारदात: अज्ञात पुरुष की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**महू (इंदौर समाचार)।** महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र स्थित 'निसर्ग फ़ार्म हाउस' में एक अज्ञात पुरुष की निर्मम हत्या कर दी गई है। इस खूनी वारदात के बाद से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल है। यह घटना गुरुवार की है। जैसे ही स्थानीय लोगों को इस वारदात की भनक लगी, तुरंत इसकी सूचना बड़गोंदा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम बिना वक्त गंवाए दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर घेराबंदी कर दी है और मामले की बारिकी से तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती मृतक की शिनाख्त करना है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। हत्याकांड के पीछे क्या वजह थी रंजिश, लूट या कोई अन्य कारण इसका खुलासा भी अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वे इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। बड़गोंदा थाना पुलिस हर छोटे-बड़े पहलू को ध्यान में रखकर गहराई से पड़ताल कर रही है। जल्द ही मृतक की पहचान कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## एमवाय अस्पताल के नवीन 9 मंजिला अत्याधुनिक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ

**इंदौर।** प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सा संस्थानों में शामिल महाराजा यशवंतराव (एमवाय) चिकित्सालय में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवीन 9 मंजिला अत्याधुनिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह बहुमंजिला अस्पताल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने गुरुवार को निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के लाखों मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि नवीन अस्पताल भवन तीन ब्लॉकों–ए, बी और सी में विकसित किया जाएगा। वर्तमान में सी-ब्लॉक के निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। इस ब्लॉक में अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण चिकित्सा विभाग स्थापित किए जाएंगे। पूरे अस्पताल परिसर में कुल 40 आधुनिक ऑपरेशन थिएटर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 1600 बिस्तरों की क्षमता होगी। ए-ब्लॉक में प्रशासनिक कार्यालय एवं ओपीडी संचालित होंगे, जबकि अन्य ब्लॉकों में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा विभागों की सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## मन को शुद्ध एवं निर्मल बनाने का मन्त्र है भागवत



**इंदौर।** हमारे विचार शुद्ध होंगे तो कर्म भी श्रेष्ठ बनेंगे। कर्म से ही हमारा स्वभाव और स्वभाव से ही श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण होगा। चरित्र से ही प्रारब्ध बनता है। भागवत ग्रन्थ सनातन और हिंदू धर्मावलंबियों के लिए प्राण तत्व एवं आचार संहिता है।

बार-बार भागवत कथा श्रवण से हमारे मन मस्तिष्क पर श्रेष्ठ विचारों की छाप उसी तरह बन जाती है, जिस तरह कुए के पत्थर पर रस्सी के निशान। भागवत तो देवताओं के लिए भी दुर्लभ कथा है। भागवत कथा मन को शुद्ध एवं निर्मल बनाने का मंत्र है। ये प्रेरक विचार हैं वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने मनोरमागंज स्थित गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में गुरुवार से प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने नंगे पैर मस्तक पर भागवतजी को धारण कर व्यास पीठ पर विराजित किया। प्रारम्भ में भक्त मंडल के राजेंद्र माहेश्वरी, कमल राठी, मनोज गुप्ता एवं सुनील तिवारी, गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी, सत्संग समिति के प्रदीप अग्रवाल, श्रीमती कांता अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, दिनेश तिवारी आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया।

**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 16 इंदौर**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) सुरेन्द्र कश्यप पिता स्वः श्री मांगीलाल कश्यप, (2) श्रीमती रंजना पिता स्वः श्री मांगीलाल कश्यप (पति श्री सतीश जैसवाल), (3) श्रीमती मंजू पिता स्वः श्री मांगीलाल कश्यप (पति श्री मांगीलाल), (3) श्रीमती ज्योत्सना पिता स्वः श्री मांगीलाल कश्यप (पति श्री प्रहलाद) के द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्रं. 16 पर राजस्व विभाग में आवेदन क्रं. 584, दिनांक 06.07.2026 के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर, सर्विस/पिन नं. 1000837023, पता- 125, सुखदेव नगर क्सटेंशन नं. 01, ग्राम छोटा बांगड़दा, इंदौर पर स्थित सम्पत्ति का अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 17.7.26 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 16, कुशाभाऊ ठाकरे, पल्हर नगर पानी टंकी, इंदौर
इंदौर समाचार

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे की पूर्व में मेरा नाम भूरी बी BHURI BEE था। जो की अब बदलकर साजिया मेव SAJIYA MEV पिता नहरू मेव NAHARU MEV हो गया है। अत: मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**साजिया मेव SAJIYA MEV पिता नहरू मेव NAHARU MEV**
पता :- वार्ड न.10, महाकाल मंदिर के पास, मेवाती पुरा आगर मालवा शाजापुर (म.प्र.) 465441

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे की पूर्व में मेरा नाम सौम्या चावला SOUMYA CHAWLA था। जो की अब बदलकर रचना चावला RACHNA CHAWLA पति रवि चावला RAVI CHAWLA हो गया है। अत: मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**रचना चावला RACHNA CHAWLA पति रवि चावला RAVI CHAWLA**
पता :- 196-A विनय नगर, आर. टी. ओ. रोड सुदामा नगर इन्दौर (म.प 452009

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे की पूर्व में मेरा नाम सौम्या चावला SOUMYA CHAWLA था। जो की अब बदलकर रचना चावला RACHNA CHAWLA पति रवि चावला RAVI CHAWLA हो गया है। अत: मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**रचना चावला RACHNA CHAWLA पति रवि चावला RAVI CHAWLA**
पता :- 196-A विनय नगर, आर. टी. ओ. रोड सुदामा नगर इन्दौर (म.प 452009

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे की पूर्व में मेरा नाम सोयल पटेल SOYEB PATEL था। जो की अब बदलकर सोहेल पटेल SOHEL PATEL पिता शरीफ पटेल SHARIF PATEL हो गया है। अत: मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**सोहेल पटेल SOHEL PATEL पिता शरीफ पटेल SHARIF PATEL**
पता :- ग्राम-कदवा पोस्ट- टोड़ी तह. सांवेर जिला - इन्दौर (म.प्र.) 453771

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे की पूर्व में मेरा नाम शबनम SHABNAM था। जो की अब बदलकर ALINA PATEL अलिना पटेल पिता मोहम्मद सद्दाम mohammad Saddam हो गया है। अत: मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**ALINA PATEL अलिना पटेल पिता मोहम्मद सद्दाम mohammad Saddam**
पता :- ग्राम:- रंगकराडिया, कचालिया इन्दौर म.प्र. 453551
Rangkaradiya, kachalia Indore. M.P.-453551

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे की पूर्व में मेरा नाम अमर चौधरी Amar choudhary था। जो की अब बदलकर अमन चौधरी Aman choudhary पिता dharmendra choudhary धर्मेन्द्र चौधरी हो गया है। अत: मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**अमन चौधरी Aman choudhary पिता धर्मेन्द्र चौधरी dharmendra choudhary**
kankariya chirakhan Dist- Ujjain Mif. pin-456006
पता :- ग्राम - काकरिया चिराखान उज्जैन (म.प्र.) 456006

**श्रीमती मिताली वाणी वर्मा ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, इंदौर म.प्र.**

आर.सी.एस.ए/697/2026, पेशी दिनांक 13.08.2026

श्रीमती शांतिबाई वर्मा **विरूद्ध** सर्वसाधारण

**प्रेषित**– प्रतिप्रार्थी-02 सर्वसाधारण, पता - सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी श्रीमती शांति बाई वर्मा पति श्री सुन्दरलाल वर्मा आयु 08 7 राजबाडा चौक इन्दौर म.प्र. ने आपके विरूद्ध वारसा वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जें या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के 7समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के 7साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस 7 न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 13.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

**मिताली वाणी वर्मा ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, इंदौर म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें**– (1) यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**न्यायालय: श्रीमती बिंदिया पाठक, 13वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इंदौर**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

एमजेसी एसयूसी/127/2026, पेशी दिनांक- 18.08.2026

रामवृक्ष **विरूद्ध** सर्वसाधारण व अन्य

**प्रेषिती,** 1. सर्वसाधारण, 2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि **रामवृक्ष पिता स्व. रामनयन, हाल मुकाम 292–ए, कुंदन नगर हवा बंगला केट रोड पुलिस थाना राजेन्द्र नगर इंदौर मप्र ने मृतक – सुभाषचन्द्र मौर्य पिता रामवृक्ष** की राशि / संपत्ति / शेयर्स हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक **18.08.2026** को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक का **मृतक– सुभाषचन्द्र मौर्य पिता रामवृक्ष** का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये - जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18.08.2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकण किया जावेगा। यह आज तारीख **10.07.2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

**श्रीमती बिंदिया पाठक, 13वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इंदौर**